बरेली, बुधवार
3 अक्टूबर 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 22

दैनिक जागरण

PAGE NO. 07 : MIDDLE

मेधावी छात्र–छात्राओं को किया गया सम्मानित

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में मंगलवार को पूर्व सांसद श्रीराम मूर्ति की 30वीं पुण्य अतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह हुआ। जिसमें एसआरएमएस ट्रस्ट द्वारा संचालित महाविद्यालयों के मेडिकल, इंजीनियरिंग, फार्मेसी के 739 मेधावी छात्र-छात्राओं को तीन करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष देवमूर्ति और मुख्य अतिथि प्रधान आयकर आयुक्त शिशिर अग्रवाल ने लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक कुमार केशव और किसान विशेषज्ञ रामशरण वर्मा को प्रतिभा अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया।

एसआर एमएस में गांधी जयंती के मौके पर लखनऊ मेट्रो के प्रबंध निदेशक कुमार केशव का सम्मान करते देव मूर्ति व आयकर कमिशनर ● जागरण

संस्था अध्यक्ष देव मूर्ति ने कहा कि 11 विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने से शुरू यह सिलसिला 739 छात्रों तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा एसआरएमएस को विश्वविद्यालय बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। उद्योग से तालमेल बिठाने के लिए पाठ्यक्रम को विश्वस्तरीय बनाना होगा। इसकी प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। दिसंबर तक लखनऊ में एक रिहेबिलेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा लखनऊ के अर्जुनगंज में निर्माणाधीन विश्वस्तरीय अस्पताल 2022 तक शुरू हो जाएगा। उन्नाव में नर्सिंग, पैरामेडिकल कॉलेज और पैलेटिव वार्ड बनाया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम में 17 राज्यों के कहानीकारों सम्मानित हुए। इसमें अंशिका अग्रहरि को प्रथम पुरस्कार व 11 हजार रुपये, सार्थक सारस्वत को द्वितीय, यासिर मिर्जा तृतीय, किरन लता को चौथा, कल्पना पुरी और शुभम कश्यप को सांत्वना पुरस्कार मिला। वाद-विवाद प्रतियोगिता का पुरस्कार जीआरएम और बरेली कॉलेज को मिला। ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा ने अतिथियों का धन्यवाद किया। संचालन आशीष कुमार ने किया। समारोह में एसआरएमएस इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च, एसआरएमएस इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी उन्नाव के छात्र-छात्राएं सम्मानित हुए हैं। संस्थान के सचिव आदित्य मूर्ति, डीन प्रभाकर गुप्ता, आशीष कुमार समेत संस्थान के सभी शिक्षक, पदाधिकारी शामिल रहे।

आयोजन

- एसआरएमएस ने बांटी 739 मेधावियों को तीन करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति
- लखनऊ मेट्रो के प्रबंध निदेशक और किसान विशेषज्ञ को प्रतिभा अलंकरण सम्मान

एमबीबीएस में सर्वाधिक छात्रवृति

साक्षी बंसल, अलंकृता बंसल, अनुग्या सेंगर, आयुषी अग्रवाल, सुभि अग्रवाल, अमिता सिंह, सिमरन त्यागी, मोनिका गुप्ता, सिद्धार्थ तनेजा, अनुभव कांडपाल, रेमन गंगवार को दो–दो लाख रुपये की छात्रवृत्ति मिली है। बाकी छात्रों को 91 हजार से 87 रुपये तक की छात्रवृत्ति दी गई है।